# उदय प्रताप कालेज, वाराणसी
## (स्वायत्तशासी संस्था)

दिनांक : 23.09.2024

## सूचना

महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि खेल मन्त्रालय भारत सरकार के दिशा–निर्देश के क्रम में वित्तीय वर्ष 2024–25 में एक दिवसीय जनपद स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन दिनांक 17 अक्टूबर–2024 को राजकीय बालिका इण्टर कालेज, मलदहिया, वाराणसी में होना है।

उक्त कार्यक्रम में जो विद्यार्थी प्रतिभाग करने के इच्छुक हों वे अपना प्रार्थना–पत्र कार्यक्रम के नाम के साथ प्रो0 अन्जू सिंह, विभागाध्यक्ष, भूगोल विभाग को 30 सितम्बर–2024 तक अवश्य उपलब्ध करा दें।

प्राचार्य

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय, जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी वाराणसी।

पत्रांक 307 /4–प्रा0वि0द0/ज0स्त0यु0उ0/2024–25 दिनांक 20 सितम्बर, 2024

सेवा में,

प्राचार्य,
उदय प्रताप डिग्री कालेज
वाराणसी

प्रो. अजय सिंह
आवश्यक कार्यवाही हेतु।
23/9

विषय– वित्तीय वर्ष 2024–25 में जनपद स्तरीय युवा उत्सव के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सादर अवगत कराना है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में एक दिवसीय जनपद स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन दिनांक 17 अक्टूबर, 2024 को राजकीय बालिका इण्टर कालेज, मलदहिया, वाराणसी में किया गया है। युवा उत्सव प्रतियोगिता निम्नलिखित निर्धारित विधाओं में करायी जायेगी :–

| S.No | Component | S.No | Activity | Suggestive Number Of Participation |
|---|---|---|---|---|
| 01 | THEMATIC | 1 | Thematic Competitions | 40 |
| 02 | CULTURE | 2 | Group Folk Dance | 10 |
| | | 3 | Group Folk Song | 10 |
| | | 4 | Solo Folk Dance | 5 |
| | | 5 | Solo Folk Song | 5 |
| 03 | LIFE SKILL | 6 | Poetry | 2 |
| | | 7 | Story Writing | 3 |
| | | 8 | Painting | 2 |
| | | 9 | Declamation | 2 |
| 04 | Yuva Kirti | 10 | Handicraft | 7 |
| | | 11 | Taxtile | 7 |
| | | 12 | Agro Products | 7 |
| | | Total | | 100 |

28वें राष्ट्रीय युवा उत्सव–2025 के आयोजन हेतु युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा समस्त राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों को **Innovation in Science and Technology** की थीम आवंटित किया गया है।

**वित्तीय वर्ष 2024–25 में जनपद स्तर पर युवा उत्सव के अन्तर्गत उपरोक्त तीनों अवयवों का आयोजन निम्नवत् कराया जाएगा :–**

➢ ***सांस्कृतिक अवयव :–***

इसके अन्तर्गत एकल व समूह रूप में निर्धारित विधाओं में निम्नानुसार कलाओं के कलाकार प्रतिभाग करेंगे।

**1–लोकनृत्य :–**

- लोकनृत्य में आदिम प्रकृति (प्रिमिटिव) या भारतीय शैली यथा चरकुला, ख्याल, रासलीला, नौटंकी, कथक, कजरी नृत्य आदि में आबद्ध हो सकते हैं।
- नृत्य की समयावधि 15 मिनट से अधिक नहीं होनी चाहिए तथा मंच व्यवस्था के लिए 05 मिनट अतिरिक्त दिए जाएंगे।
- नृत्य में प्रस्तुत किए जाने वाला गीत, यदि कोई हो, की विषय वस्तु और गीत के आलेख की तीन प्रतियाँ निबन्धन के समय प्रवेश–प्रपत्र के साथ समर्पित करनी है।
- पूर्व ध्वन्यांकित संगीत (टेप, कैसेट आदि) के उपयोग की अनुमति मान्य नहीं है।
- निर्णय–लय का आधार, कोरियोग्राफी, वेशभूषा, रूपसज्जा, मंच शिल्प तथा सम्पूर्ण प्रभाव पर आधारित होगी।
- कार्यक्रम समाप्ति के तुरन्त बाद प्रतिभागी दल का दायित्त्व होगा कि वह मंच सामग्री (सेट्स/ प्राप्स) तत्काल हटा लें।

**2–लोकगीत :–**

- लोकगीत भारतीय गीतों यथा सोहर, कज़री, कहरवा, कीर्तन, नौका झक्कड़, रागिनी, चनयनी, बंजारा और नजावा, बिरहा, चैती, गजल, कब्वाली आदि से लिया गया हो तथा व किसी भी क्षेत्रीय भाषा में हो सकता है।
- निर्णय–सुर, ताल, नृत्य रचना (कोरियोग्राफी), वेशभूषा और रूपसज्जा, लोकगीत का संदेश पर आधारित होगा।
- लोकगीत के लिए अधिकतम समय सीमा 07 मिनट होगी। प्रतिभागियों के सेटिंग के लिए 05 मिनट से अधिक का समय न लिया जाए।
- कोई भी फिल्मी गीत न प्रस्तुत किया जाए।

Scanned with OKEN Scanner

## ➤ जीवन कौशल अवयव :–

इस अवयव में निर्धारित विधाओं में निम्नानुसार युवा प्रतिभाग करेंगे।

**1–कविता :–**

- प्रतियोगिता हेतु अधिकतम 01 घण्टे का समय निर्धारित किया जाएगा, 500 से अधिक शब्दों का चयन मान्य नहीं है।
- इसमें आपत्तिजनक, भड़कीली अनुचित सामग्री नहीं होनी चाहिए, इस से जाति/पंथ/धर्म/रंग/ नस्ल के आधार पर किसी को ठेस नहीं पहुँचनी चाहिए। युवा प्रतिभागियों को अपना नाम, पूरा डाक पता, मोबाईल नम्बर और ई–मेल अंकित करना अनिवार्य है।
- प्रतिभागी अपनी कविता के फोटोग्रापस My Bharat पोर्टल पर अपलोड कर सकते हैं।

**2–कहानी लेखन :–**

- प्रतियोगिता हेतु अधिकतम 01 घण्टे का समय निर्धारित किया जाएगा, 1000 से अधिक शब्दों का चयन मान्य नहीं है।
- कहानी में आपत्तिजनक, भड़कीली अनुचित सामग्री नहीं होनी चाहिए, इससे जाति/पंथ/धर्म/ रंग/नस्ल के आधार पर किसी को ठेस नहीं पहुँचनी चाहिए। युवा प्रतिभागियों को अपना नाम, पूरा डाक पता, मोबाईल नम्बर और ई–मेल अंकित करना अनिवार्य है।
- प्रतिभागी अपनी कविता के फोटोग्रापस My Bharat पोर्टल पर अपलोड कर सकते हैं।

**3–चित्रकारी :–**

- चित्रकारी के लिए अधिकतम 90 मिनट दिए जायेंगे। इसके लिए A3 साइज़ (11.7" *16.5") का पेपर प्रयोग किया जाएगा।

**4–डिक्लेमेशन :–**

- प्रतियोगिता का भाषा हिन्दी अथवा अंग्रेजी होगी।
- प्रत्येक प्रतिभागी को प्रस्तुतीकरण हेतु 03 मिनट का समय प्रदान किया जाएगा।
- प्रतिभागी चुने हुए सामयिक विषय पर भाषण तैयार कर बोलेंगे।
- निर्णय–बोलने की स्पष्टता, प्रवाह, चयनित विषय की प्रासंगिकता, शब्दों तथा वाक्यों की पुनरावृत्ति, आत्मविश्वास, विषय के बारे में जागरूकता आदि।

## ➤ थीमेटिक अवयव :–

जनपद स्तर पर युवा उत्सव आयोजन की तिथि को ही **"साइंस मेला"** का आयोजन किया जाएगा। इसके अन्तर्गत **Innovation in Science and Technology** की थीम में अभिनव प्रोजेक्टों का प्रस्तुतीकरण करते हुए साइंस मेला का आयोजन एकल व समूह दो श्रेणियों में निम्नानुसार किया जाएगा।

- यह प्रतियोगितायें राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् के सहयोग से जनपद स्तर से लेकर राज्य स्तर तक आयोजित की जायेंगी, जिसके अन्तर्गत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवाचार को प्रतिबिंबित करने वाले अपने प्रोजेक्टों का प्रदर्शन करने के लिए 12 जनवरी, 2025 को 15 से 29 आयु वर्ग के युवा वैज्ञानिक प्रतिभाग करेंगे। यह प्रतियोगिता एकल व समूह दोनो अलग–अलग रूप में आयोजित की जाएगी। इसके अतिरिक्त भारत सरकार द्वारा निम्नवत् निर्देशों का भी निर्धारण किया गया है :–

1. प्रतियोगिता में प्रोजेक्ट/आविष्कार के प्रयोग, मितव्ययी नवाचार, प्रस्तुतीकरण और उसके प्रभाव पर आधारित होगी।
2. इस हेतु निष्क्रिय मॉडल/शिल्प (यथा : बाँध, सौर प्रणाली आदि) को यथा सम्भव प्रोत्साहित नहीं किया जाना चाहिए।
3. साइंस मेला का केन्द्र बिन्दु नवीन प्रयोग/आविष्कार होंगे।
4. प्रस्तावों का मूल्यांकन (दृष्टिकोण में नवीनता, प्रस्तुति की गुणवत्ता, प्रभाव) के मानकों के अनुसार किया जायेगा।

## उक्त के अतिरिक्त विभाग द्वारा निर्धारित अन्य बिन्दु :–

1. जनपद स्तर पर आयोजित युवा उत्सव तथा साइंस मेला में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागी युवाओं की आयु 12 जनवरी, 2025 को 15 से 29 वर्ष के मध्य होने की अनिवार्यता होगी।
2. कार्यक्रम में युवकों के अतिरिक्त न्यूनतम 30 प्रतिशत युवतियो की भी प्रतिभागिता अनिवार्य होगी।
3. इस प्रतियोगिता में आने वाले कलाकारों को लंच पैकेट दिया जाएगा।
4. इस प्रतियोगिता के विजेता कलाकारों/युवा वैज्ञानिकों को मण्डल स्तर पर आयोजित युवा उत्सव/ साइंस मेला में प्रतिभाग का सुअवसर प्रदान किया जाएगा।
5. कार्यक्रम में राष्ट्रीय एकता, अखण्डता एवं सामाजिक बन्धुता का पूरा ध्यान रखा जाए तथा किसी भी धर्म, भाषा, जाति वर्ग या राजनैतिक दलों या सरकार के सम्बन्ध में कोई टिप्पणी या प्रदर्शन न होने पाये।
6. किसी विवाद की स्थिति में निराकरण आयोजन समिति के अध्यक्ष के स्तर से किया जाएगा।

Scanned with OKEN Scanner

7. जनपद स्तर पर आयोजित युवा उत्सव में सभी विकास खण्डों के अतिरिक्त समस्त विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय शिक्षण संस्थानों, जिला, विद्यालय निरीक्षक तथा उपर्युक्त से जुड़ी हुयी निजी संस्थाओं से निपुण कलाकार प्रतिभाग कर सकते हैं।

8. जनपद स्तर पर आयोजित युवा उत्सव की प्रत्येक विधाओं में प्रति विद्यालयों/शिक्षण संस्थानों से मात्र 01–01 युवा कलाकार अथवा 01 टीम ही प्रतिभाग कर सकेंगे।

9. जनपद स्तर पर आयोजित युवा उत्सव की तिथि को ही आयोजित **"साइंस मेला"** में जनपद के इंजीनियरिंग कालेज, पॉलीटेक्निक कालेज, आई.टी.आई. कालेज आदि से निर्धारित आयु वर्ग के युवा वैज्ञानिक प्रतिभाग करेंगे।

10. प्रतिभागियों का नाम वहीं लिखा जाएगा, जो उनके हाईस्कूल के प्रमाण–पत्र में लिखा होगा। हाईस्कूल का प्रमाण–पत्र न होने की स्थिति में उनके बैंक डिटेल से नाम लिखा जाएगा। साथ ही साथ प्रतिभागी के आधार कार्ड तथा जन्म तिथि प्रमाण–पत्र की छाया प्रति भी प्राप्त की जाये। इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित विद्यालय/संस्थान के टीम मैनेजर की होगी।

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने विद्यालय में अध्ययनरत् कलाकारों का विवरण निम्न प्रारूप पर तैयार कर दिनांक 15 अक्टूबर, 2024 को अपरान्ह 04:00 बजे तक इस कार्यालय में उपलब्ध कराते हुए दिनांक 17 अक्टूबर, 2024 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से राजकीय बालिका इण्टर कालेज, मलदहिया, वाराणसी में आयोजित जनपद स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराने का कष्ट करें :–

| क्र0सं0 | प्रतिभागी का नाम | पिता का नाम | विधा | पता | जनपद | मोबाईल नम्बर | आधार कार्ड |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |

भवदीय

(नितीश कुमार राय)
जिला युवा कल्याण एवं
प्रा0वि0द0अधिकारी
वाराणसी।

Scanned with OKEN Scanner